Title: Request the Government of India to survey the natural gas deposits found in some villages on embankment side of the Ganga River at Allahabad.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) :महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र फूलपुर और हडिया तहसील के अंतर्गत गांव ढोकरी, लालापुर, बुजुर्गपुर, संग्रामपट्टी, मलखानपुर आदि गंगा के किनारे बसे हुए हैं। वहां किसान सिंचाई के लिए जब बोरिंग करता है तो वहां 70-80 फीट पाइप जाने के बाद पाइप से गैस निकलने लगती है, जो 36-36 घंटे जलती रहती है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के पैट्रोलियम मंत्री का ध्यान इस तरफ खींचना चाहता हूं कि गंगा के किनारे स्थित इन गांवों के आस-पास व्यापक सर्वे कराया जाए। वहां गैस और कोयले का भंडार मिलने की संभावना है। यदि वहां गैस का भंडार नहीं है तो किसानों की पाइप से गैस क्यों निकल रही है, इसका पता लगाया जाए, जिससे कि किसान की बोरिंग सफल हो और वह अपने खेतों की सिंचाई कर सके।

MR. SPEAKER: Shri Suresh, the related matter was raised on 14.12.2000.